कोटद्वार, बुधवार
21 फरवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 288 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## धामी सरकार ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए

### भावुक हुए धामी ने कहा, रोम–रोम भक्तिमय और प्रफुल्लित हुआ मन

देहरादून। मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। इस दौरान सभी बेहद उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंत्रिमंडल में अपने सहयोगियों सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, डॉ धन सिंह रावत, श्रीमती रेखा आर्य एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के साथ जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वे अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में पहुंचे पर मुख्यमंत्री धामी और उनके सहयोगियों का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। यहां से वह राम जन्मभूमि के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री एवं उनके सहयोगी अयोध्या धाम में प्रभु राम को साष्टांग नमन कर पूजा अर्चना की। दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने



कहा कि रामलला के दर्शन से रोम–रोम भक्तिमय और मन प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा कि रामलला को कई वर्षों तक टेंट में रहना पड़ा। आज भव्य मंदिर में रामलाला के दर्शन किए। मैं भाव विह्वल हूं और प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु राम की नगरी अयोध्या में उत्तराखंड वासियों के लिए उत्तराखंड सरकार राज्य अतिथि गृह बनाने की तैयारी कर चुकी है। 4700 वर्ग मीटर में बनने वाले इस राज्य अतिथि गृह को बनाने के लिए हमारी सरकार ने भूमि की खरीद को लेकर 32 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से भगवान राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रीराम भक्तों को इस राज्य अतिथि गृह में सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

## काठगोदाम–अमृतसर के बीच ट्रेन संचालन को मंजूरी, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री का प्रकट किया आभार

देहरादून। काठगोदाम रेलवे स्टेशन से अमृतसर जंक्शन के लिए ट्रेन संचालन को रेल मंत्रालय ने मंजूरी प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस रेल के चलने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विगत 2 दिसंबर 2023 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर काठगोदाम से अमृतसर के मध्य सीधी रेल सेवा के संचालन का अनुरोध किया था। अब, रेल मंत्रालय ने उनके इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए काठगोदाम–अमृतसर के मध्य ट्रेन संचालन को मंजूरी प्रदान कर दी है। रेल मंत्रालय द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है नयी ट्रेन के संचालन को मंजूरी दे दी गई है।

## 26 फरवरी से 1 मार्च तक देहरादून में चलेगा विधानसभा बजट सत्र

देहरादून। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड का बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें जेंडर बजट के साथ समग्र विकास पर फोकस किया जाएगा। वित्त मंत्री ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि विधानसभा का बजट सत्र देहरादून में 26 फरवरी से एक मार्च तक होगा। उन्होंने कहा कि कई विधायकों के लिखित अनुरोध के बाद बजट सत्र देहरादून में कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि सत्र के पहले दिन गवर्नर का अभिभाषण होगा। इसके बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सत्र की रूपरेखा बनाई जाएगी।

अग्रवाल ने बताया कि राज्य का यह बजट जेंडर बजट होगा। इससे विकास की गतिविधियां बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। इसमें लोगों के सुझावों को भी ध्यान में रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को श्रेष्ठ



राज्य बनाने के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा। विधायकों को पुनर्जीवित कराने होंगे सवाल सत्र के दौरान विधायकों को सवाल पूछने के लिए पिछले सत्र के लिए लगाए गए प्रश्नों को पुनर्जीवित कराना होगा।

दरअसल पिछले सत्र का सत्रावसान होने से नियमों के तहत बजट सत्र के लिए विधायकों को नए सिरे से सवाल लगाने होंगे। पर एक व्यवस्था ये भी है कि विधायक, विधानसभा को पत्र लिखकर अपने पुराने सवालों को नए सत्र में शामिल करने का अनुरोध कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, पिछले सत्र में विधायकों के तीन सौ के करीब सवाल अनुत्तरित थे।

## राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं को असम पुलिस ने भेजा समन

गुवाहाटी , कांग्रेस नेता राहुल गांधी को असम पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने समन जारी किया है। उन पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान गुवाहाटी में सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने का आरोप है।इस मामले में असम सीआईडी ने कांग्रेस विधायक जाकिर हुसैन सिकदर और गुवाहाटी शहर इकाई के महासचिव रमन कुमार शर्मा को भी समन जारी किया है।उन्हें 23 फरवरी सुबह 11:00 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, असम में 23 जनवरी को न्याय यात्रा के दौरान राहुल और अन्य नेताओं की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुवाहाटी में पुलिस बैरिकेड तोड़ दिए थे।इस दौरान पुलिस को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा और झड़प में कई पुलिसकर्मी और कार्यकर्ता घायल हो गए।इसके बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के निर्देश पर राहुल समेत कई कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एफआईआर



दर्ज की गई थी।पुलिस बैरिकेड टूटने के बाद भी पार्टी कार्यकर्ता गुवाहाटी शहर में दाखिल नहीं हुए क्योंकि पुलिस प्रशासन ने यात्रा को यहां से निकलने की अनुमति नहीं दी थी।घटना के बाद राहुल ने कहा था कि वह बैरिकेड तोड़ सकते हैं, लेकिन कानून नहीं तोड़ेंगे। इसके बाद यात्रा गुवाहाटी के राष्ट्रीय राजमार्ग–27 पर स्वीकृत मार्ग से आगे बढ़ी।इस पूरे प्रकरण को मुख्यमंत्री सरमा ने नक्सली शैली की संज्ञा दी और मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री सरमा के पास गृह विभाग की जिम्मेदारी है।उन्होंने दावा किया था कि असम के लोगों को भडक़ाने के आरोप में राहुल सहित अन्य कांग्रेस नेताओं को लोकसभा चुनाव के बाद गिरफ्तार किया जाएगा क्योंकि वह चुनाव से पहले इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहते।उन्होंने कहा था कि इस घटना की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया जाएगा और इसके बाद मामला सीआईडी को सौंप दिया गया।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 21 वर्ष का कठोर कारावास

अल्मोड़ा)। लैगिंक अपराध के एक मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) श्रीकान्त पाण्डेय ने अभियुक्त नरेश कुमार को पॉक्सो एक्ट के तहत इक्कीस साल का कठोर कारावास एवं धारा 506 के तहत 3 साल का कठोर कारावास से दण्डित किया है ये सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी। अभियुक्त द्वारा पूर्व में इस मामले में जेल में बितायी गयी दण्डादेश की उक्त अवधि में समायोजित की जाएगी। अभियोजन कहानी के अनुसार दिनांक 22–11–2021 को पीड़िता को अभियुक्त नरेश कुमार ने कोल्डड्रिंक में नशे की दवाई मिलाकर पिलाई और दुष्कर्म किया। पीड़िता के गर्भवती होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। जिस पर पीड़िता के पिता द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध थाना सल्ट में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई। उक्त रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना सल्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना अधिकारी द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

इस मामले का विचारण विशेष सत्र न्यायाधीश, अल्मोड़ा के न्यायालय में चला। इस मामले में अभियोजन की ओर से दस गवाहों को न्यायालय में परीक्षित किया गया तथा अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, पूरन सिंह कैड़ा, विशेष लोक अभियोजक घनश्याम जोशी, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी शेखर चन्द्र नैल्वाल द्वारा मामले में सबल पैरवी की गई तथा दस्तावेजी साक्ष्य भी न्यायालय में प्रस्तुत किए गए।

## उपनल कर्मचारियों का 10 फीसदी बढ़ेगा मानदेय, इतने हजार का हर महीने होगा फायदा

देहरादून। मानदेय में 10 प्रतिशत की तत्काल बढोतरी और सभी नौ मांगों के ठोस समाधान के लिए उच्च स्तरीय समिति के गठन के फैसले के बाद उपनल कर्मचारियों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर अफसरों ने सोमवार को उपनल कर्मचारियों की मांगों के समाधान का पहला फार्मूला जारी कर दिया। उपनल कर्मचारी 12 फरवरी से आंदोलित थे। सैनिक कल्याण सचिव दीपेंद्र कुमार चौधरी ने सोमवार दोपहर खुद एकता विहार स्थित धरना स्थल पर आकर तीनों मामलों में कार्रवाई की जानकारी दी। चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्राथमिक निर्णय ले लिए गए हैं। हड़ताल अवधि को उपनल कर्मचारियों के अनुमन्य अवकाश में समायोजित किया जाएगा। उपनल कर्मियों की सभी नौ मांगों पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी मंथन करेगी। यह कमेटी अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द मुख्यमंत्री को सौंपेगी। उन्होंने कहा कि उपनल कर्मियों की मांगों पर सरकार शुरू से गंभीर रही है। नियमानुसार सभी का समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानदेय एवं अवकाश समायोजन का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिया गया है, इस पर जल्द ही आदेश होने जा रहे हैं। सचिव के आश्वासन के बाद महासंघ पदाधिकारियों ने आंदोलन को फिलहाल स्थगित करने का ऐलान कर दिया है।



प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोदियाल और महामंत्री विनय प्रसाद ने कहा कि सरकार ने सभी मांगों पर मंथन करने के बाद निर्णय किया गया है। इस अवधि में कार्यवाही नहीं होगी तो महासंघ को फिर से आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा।

**समिति की रिपोर्ट तक नहीं हटेंगे कर्मचारी :**

उपनल कर्मचारियों की सोमवार को हड़ताल सरकार के आश्वासन पर खत्म हो गई है। जिलाध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बताया कि यह सहमति भी बनी है कि समिति की रिपोर्ट आने तक कर्मचारी नहीं हटाए जाएंगे। मेडिकल कॉलेजों से 85 एवं राज्य कर विभाग से 128 कर्मचारियों को हटाए जाने की तैयारी चल रही थी।

समिति को सरकार की ओर से यह भी कहा गया है कि इन कर्मचारियों को कैसे रखा जा सकता है। इस पर भी रिपोर्ट देंगे। वहीं उपनल के पद अधिसंख्यक के रूप में रखे जाने की बात कही गई है। कहा कि सरकार ने उपनल कर्मचारियों के सुरक्षित भविष्य की बात कही है। जिस पर सरकार का आभार है।

**यूं बढ़ जाएगा मानदेय**

| श्रेणी | वर्तमान कुल पे | 10 वृद्धि |
|---|---|---|
| अकुशल | 12451 | 13636 |
| अर्द्धकुशल | 14235 | 15598 |
| कुशल | 15739 | 17254 |
| उच्च कुशल | 17441 | 19126 |
| अधिकारी | 35610 | 39171 |

(नोटः यह राशि कटौतियों के बाद हैं तथा इसमें प्रोत्साहन भत्ते की राशि शामिल नहीं हैं।)

**10 प्रतिशत बढ़ोतरी पर एकराय नहीं कर्मचारी**

उपनल कर्मचारी महासंघ द्वारा 10 प्रतिशत बढोतरी के आश्वासन पर आंदोलन वापस लेने के फैसले का विरोध भी है। धरना स्थल पर ही कुछ कर्मचारियों से कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक बार फिर से झुनझुना पकड़ा दिया है। इससे तो बेहतर था कि आंदोलन जारी रखा जाता। हालांकि कुछ देर बाद वरिष्ठ पदाधिकारियों ने माहौल को संभाल लिया।

## एक नजर

### दहेज के लिए महिला की हत्या में पति को 10 वर्ष की कैद

हरिद्वार। दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला की हत्या करने के दोषी पति को द्वितीय अपर जिला जज संजीव कुमार ने 10 वर्ष कठोर कैद की सजा सुनाई है।शासकीय अधिवक्ता राजकुमार राणा ने बताया कि ज्वालापुर सुभाष नगर निवासी गोपीचंद की पुत्री पूजा की शादी फरवरी 2020 में सनी पुत्र राजेंद्र निवासी जमालपुर कलां कनखल के साथ हुई थी। आरोप था कि शादी के बाद से ही पूजा को उसका पति सनी, ससुर राजेंद्र, जेठ राजकुमार और जेठानी ममता दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। ससुरालियों के प्रताड़ित करने की वजह से शादी के चार माह बाद ही पूजा अपने मायके में आकर रहने लगी थी। आरोप लगाया था कि उसके ससुराल वाले खराब सामान देना कहकर परेशान करते थे। साथ ही दहेज में मोटरसाइकिल के लिए एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे। कुछ दिन बाद शिकायतकर्ता गोपीचंद ने समझाकर पुत्री पूजा को उसकी ससुराल भेजा था। इसके बाद 23 दिसंबर 2020 को पूजा की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। घटना के संबंध में पूजा के पिता गोपीचंद ने कनखल पुलिस में पूजा के पति सनी, ससुर,जेठ और जेठानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे में सरकारी पक्ष की ओर से 10 गवाह पेश किए गए। दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश कोर्ट ने पूजा के पति सनी को दोषी पाते हुए 10 वर्ष कठोर कैद की सजा सुनाई है। जबकि ससुर, जेठ और जेठानी को साक्ष्य की कमी के चलते केस से बरी कर दिया है।

### बर्फबारी व बारिश के बाद बढ़ी ठंड

बागेश्वर। जिले के कपकोट तहसील के ऊंचाई वाले क्षेत्र में हल्की बर्फबारी हुई, जबकि घाटी वाले क्षेत्र में बारिश हुई। बर्फबारी व बारिश के बाद एक बार फिर ठंड में इजाफा हो गया है। सोमवार की रात एक बजे से गरज–चमक के साथ बारिश हुई। यह सिलसिला सुबह छह बजे तक चला रहा। सबसे अधिक बारिश गरुड़ तहसील में दस मिमी दर्ज हुई। सबसे कम कपकोट में ढाई मिमी बारिश हुई।

बागेश्वर तहसील में पांच मिमी बारिश हुई। इस बारिश को किसानों ने रबी की फसल के साथ ही सब्जी व फल उत्पादन के लिए बेहतर बताया है। दो दिन पहले जहां अधिकतम तापमान 18 व न्यूनतम सात चल रहा था बारिश के बाद 16 व तीन हो गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि कपकोट तहसील के ऊंचाई वाले गांवों से लगी पहाड़ियों में हल्की बर्फबारी हुई है।

## पीएम मोदी ने 32000 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

### घाटी को मिली पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

जम्मू,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जम्मू से कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इसी के साथ पीएम मोदी ने घाटी को पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन सेवा का भी तोहफा दिया.

जम्मू के एमए स्टेडियम पहुंचने पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीएम मोदी को माता वैष्णोदेवी की तस्वीर भेंटकर स्वागत किया. इस दौरान जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीएम मोदी के कार्यकाल में घाटी में हुए विकास के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि आज घाटी में आतंकवाद की घटनाओं में 75 प्रतिशत की कमी आई है. जबकि पथराव की घटनाएं अब



इतिहास हो गई हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने संकल्प लिया है. विकसित जम्मू–कश्मीर का, मुझे आप पर विश्वास है हम जम्मू–कश्मीर को विकसित बनाकर ही रहेंगे. उन्होंने कहा कि 70–70 के अधूरे आपके सपने आने वाले कुछ ही वर्षों में मोदी पूरे करके देगा. पीएम मोदी ने कहा कि एक वो दिन भी थे जब जम्मू–कश्मीर में से सिर्फ निराशा की खबरें आती थीं. पीएम मोदी ने कहा कि अनेक शैक्षणिक संस्थानों से हमारे साथ लाखों लोग जुड़े हैं. पीएम मोदी ने कहा कि, यह हमारे लिए बहुत बड़ा आशीर्वाद है कि आप इतनी दूर से यहां आए हैं. मुझे बताया गया है कि 285 ब्लॉकों में लगी एलईडी स्क्रीन के जरिए लोग इस कार्यक्रम को सुन रहे हैं."


## जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में महसूस किए गए भूकंप के झटके, 3.7 की तीव्रता से कांपी धरती

श्रीनगर, जम्मू–कश्मीर में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए. इस बार किश्तवाड़ में भूकंप के तेज झटके आए. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, मंगलवार सुबह आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.7 मापी गई. भूकंप आने से लोग बुरी तरह से सहम गए और अपने–अपने घरों से बाहर निकल आए. हालांकि इस भूकंप से अभी तक किसी भी प्रकार के जान या माल के नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है. भूकंप विज्ञान के लिए राष्ट्रीय केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक, जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में मंगलवार सुबह 6.36 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए. एनसीएस ने एक बयान में कहा कि इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई. ये भूकंप 20 फरवरी की सुबह 06:36 बजे आया. भूकंप की गहराई जमीन के भीतर 5 किमी नीचे थी. बता दें कि इससे पहले कल यानी सोमवार 19 फरवरी को भी जम्मू–कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. ये भूकंप सोमवार शाम कारगिल के लद्दाख क्षेत्र में आया. इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्टकेल पर 5.2 मापी गई थी. सोमवार रात करीब 9:35 बजे आए इस भूकंप से भी किसी भी प्रकार के जान या माल का नुकसान नहीं हुआ था.

## सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव के नतीजे पलटे

### ● आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया

नईदिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने आज ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी कुलदीप कुमार को विजेता घोषित कर दिया।मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा भाजपा प्रत्याशी मनोज सोनकर को विजेता घोषित करने के फैसले को रद्द कर दिया।मसीह के कुलदीप के पक्ष में डाले गए 8 वोटों को विकृत करके अमान्य घोषित करने के बाद कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है। 30 जनवरी को चंडीगढ़ मेयर का चुनाव हुआ था। इसमें 20 वोट होने के बावजूद भी आप –कांग्रेस का गठबंधन हार गया, वहीं 16 वोट होने पर भी भाजपा जीत गई थी।ऐसा इसलिए हुआ था क्योंकि पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह ने आप –कांग्रेस गठबंधन के 8 वोट अमान्य करार दे दिए थे। इसके बाद आप ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।अब कोर्ट ने मेयर चुनाव के परिणाम को रद्द करते हुए आप उम्मीदवार को विजयी घोषित कर दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि यह स्पष्ट है कि अमान्य घोषित किए 8 मतों को याचिकाकर्ता (कुलदीप) के पक्ष में डाला गया था और पीठासीन अधिकारी मसीह ने मतों को अमान्य और विकृत करने के उद्देश्य से उन पर निशान लगा दिए, ताकि 8वें प्रतिवादी (भाजपा प्रत्याशी) को विजेता घोषित किया जा सके।उन्होंने कहा कि इसके अलावा मसीह ने कोर्ट में झूठ बोला कि मतपत्र पहले से विकृत थे, जबकि ऐसा नहीं था।



**केजरीवाल बोले–सत्य की जीत हुई, गुंडागर्दी का उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिला**

नई दिल्ली, । चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार चंडीगढ़ के मेयर होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा गिनती करने के बाद यह निर्णय लिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल का बयान सामने आया है।

## मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आगामी लोकसभा निर्वाचन से सम्बन्धित तैयारियों की समीक्षा की

देहरादून( । मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत शिक्षा एवं सम्बन्धित विभागों को राज्य में सभी 11729 पोलिंग स्टेशनों पर मतदाताओं हेतु पेयजल एवं शौचालय, बिजली, पर्याप्त फर्नीचर, शेड तथा दिव्यांगजनों तथा बुजर्ग मतदाताओं के लिए रैम्प, व्हील चेयर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों की स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओं तथा आकस्मिक चिकित्सा उपचार की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव ने एक एयर एम्बुलेंस, केशलेस उपचार की व्यवस्था, मेडिकल किट्स की उपलब्धता आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हमें केजुअल्टी फ्री इलेक्शन 2024 के विजन के साथ कार्य करना है। मुख्य सचिव ने सभी निर्वाचन कार्मिकों की हेल्थ स्क्रीनिंग करवाने एवं जिला स्तरीय मेडिकल कमेटी



के माध्यम से इस सम्बन्ध में मार्गदर्शन लेने के निर्देश दिए।

आबकारी विभाग को विशेषरूप से निर्देश देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अवैध शराब की जमाखोरी तथा तस्करी को पूरी तरह से रोकने के लिए पुलिस तथा आबकारी का जॉइन्ट ऑपरेशन चलाने, शराब की उत्पादन ईकाइयो, गोदामों तथा लाइसेन्स वाली दुकानों की सीसीटीवी से निगरानी करने, अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर चेक पोस्ट एवं कण्ट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी चेक पोस्ट की भी सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को अपने विभाग में राज्य स्तर, जिला स्तर तथा ब्लॉक स्तर पर निर्वाचन नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सभी सरकारी कार्मिकों, निर्वाचन की ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस कर्मियों को पोस्टल बैलेट या ईडीसी के माध्यम से मतदान हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में कुल 189000 सरकारी कार्मिक, 5700 होम गार्ड्स, 9487 पीआरडी कर्मी तथा लगभग 25000 उपनल कार्मिकों मिलाकर कुल 229187 मतदाता हैं। यदि शत् प्रतिशत कार्मिक अपने मतदान का प्रयोग करते हैं तो मतदान प्रतिशत में 2.78 प्रतिशत की वृद्धि होगी। मुख्य सचिव ने सभी विभागों एवं कार्यालयों को अपने शत् प्रतिशत कार्मिकों को मतदान की शपथ दिलाने के निर्देश दिए हैं।

## शीना बोरा मर्डर केस पर बनी डॉक्यूमेंट्री पर लगेगा बैन!

नई दिल्ली। हमने अपने आसपास कई ऐसी हत्याओं और मर्डर केस के बारे में सुना होगा जो हमें झकझोर कर रख देती हैं लेकिन शीना बोरा मर्डर केस जोकि आज से 9 साल पहले 2012 में हुई थी। यह मर्डर केस रिश्तों की इतनी गाठें और गुत्थीयां समेटे हुए है कि नौ साल के बाद भी मुख्य आरोपी का दोष सिद्ध नहीं हो पाया है। वहीं अब इस मर्डर मिस्ट्री पर एक डॉक्यूमेंट्री बनकर तैयार है जो ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। लेकिन इस हत्याकांड की जांच कर रही सीबीआई ने इसे रिलीज करने से मना कर दिया है। तो आइए जानते हैं आखिर क्या है इस पेचीदा हत्याकांड के पीछे की कहानी जिसे सीबीआई नहीं चाहती लोगों के बीच लाना। इस लेख के माध्यम से हम इस मर्डर केस में अबतक क्या–क्या हुआ उसको जानेंगे।



**कौन हैं इंद्राणी मुखर्जी?**

'शिना बोर मर्डर' केस की मुख्य आरोपी और शिना की मां के अलावा भी इंद्राणी मुखर्जी की अपनी एक अलग पहचान है। बड़े–बड़े उद्योगपतियों, सेलिब्रिटीज से लेकर राजनेताओं तक इंद्राणी मुखर्जी की पहुंच थी ।

# नदियों के तट पर कछुआ चाल से चल रहा बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य

## काश्तकारों को सता रहा बरसात के समय दोबारा भू-कटाव का डर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अगस्त माह में हुई अतिवृष्टि से विकराल बनी नदियों ने काश्तकारों की कई बीघा भूमि बहा दी थी। सरकारी सिस्टम ने काश्तकारों को नदियों के तट पर सुरक्षा दीवार निर्माण करवाकर भूमि की सुरक्षा का आश्वासन दिया था।

लेकिन, जिस कछुआ चाल से सिस्टम सुरक्षा दीवार निर्माण कर रहा है उससे लगता है कि इस वर्ष भी बरसात में काश्तकारों को नुकसान झेलना पड़ेगा। यही नहीं खोह नदी के तट पर आवासीय भवनों के आसपास भी अब तक सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं हो पाया है। खोह, सुखरो व मालन नदी हर वर्ष बरसात के समय काश्तकारों की कई बीघा भूमि लील रही है।



कोटद्वार में खोह नदी के तट पर बरसात के समय हुआ भू-कटाव

### सिंचाई गूल का नहीं हुआ निर्माण

भाबर क्षेत्र में बाढ़ से सिंचाई गूलों को भी भारी नुकसान हुआ था। ऐसे में काश्तकारों के समक्ष खेती के लिए पानी की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। लेकिन, अब तक विभाग ने सिंचाई गूलों की मरम्मत तक नहीं करवाई है। जबकि, भाबर क्षेत्र के काश्तकार लगातार गूलों के मरम्मत की मांग उठा रहे हैं। सरकारी सिस्टम की कार्यप्रणाली से लगता है कि उसे काश्तकारों के हितों को लेकर कई परवाह ही नहीं है।

सबसे अधिक नुकसान काश्तकारों को बीते वर्षा काल में झेलना पड़ा। विकराल नदी ने जहां खोह नदी के तट पर बसे 35 भवनों को ढहा दिया था।

वहीं, नदियों काश्तकारों की भी कई बीघा भूमि नदी की भेंट चढ़ गई थी। नुकसान झेल रहे काश्तकारों ने जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों से बाढ़ से भूमि बचाव की योजना बनाने की मांग उठाई थी। जिसके बाद काश्तकारों को जल्द ही बाढ़ सुरक्षा दीवार बनाने का आश्वासन दिया गया। लेकिन, जिस तरह से नदियों के तट पर बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य चल रहा है उससे लगता नहीं कि वह बरसात से पूर्व यह पूर्ण हो पाएगा।

काश्तकारों का कहना है कि बीते दस साल में नदी तट पर करीब पचास बीघा खेती की जमीन बहकर नदी में समा गई है। इस वर्ष की आपदा ने किसानों को बुरी तरह झकझोर दिया है।

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिव व कोषाध्यक्ष के लिए दो-दो ने किया नामांकन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल जीप टैक्सी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए दो-दो व्यक्तियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। समिति के चुनाव तीन मार्च को होंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि जिसमें अध्यक्ष पद के लिए अमरदीप सिंह रावत व वीरेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष के लिए मोहन पटवाल व मेहरबान सिंह, सचिव पद के लिए राधाबल्लभ कोठियाल व अविनाश सिंह रावत और कोषाध्यक्ष पद के लिए सुशील काला व दीन मोहम्मद मैदान में है। बताया कि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मनीष सिंह का नामांकन पत्र प्रस्ताव के गलत दस्तावेज लगे थे, जिस कारण इस नामांकन को निरस्त किया गया। इसी पद पर मनोज पटवाल ने अपना नाम वापस लिया। बताया कि कोषाध्यक्ष पर के लिए सुशील कुमार भट्ट व जगदीश प्रसाद धूलिया ने अपने नाम वापस लिए।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र प्रियांशु बिष्ट के एडमिट कार्ड/शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा नाम भूलवश नवीन बिष्ट अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम नवीन सिंह बिष्ट है। अतः मेरे पुत्र प्रियांशु बिष्ट के एडमिट कार्ड/शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा सही व वास्तविक नाम नवीन सिंह बिष्ट अंकित किया जाय।

**नवीन सिंह बिष्ट पुत्र चंदू सिंह बिष्ट निवासी ग्राम पदमपुर नेगी मोहल्ला, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1638/21)

### उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट आई.डी. संख्या : U40109UP2001SGC025867/2258
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी., ई.पी.एफ. व ई.एस.आई. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हों) दिनांक 07.03.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 06.03.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक / डाकघर की एफडीआर / सीडीआर / राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 32/ 2023-24 | ₹100/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय, कोटद्वार के अन्तर्गत [illegible] पेयजल योजना एवं [illegible] ग्राम में लाइन शिफ्टिंग का कार्य। | 5000.00 |

पत्रांक: 347/विवितखं/टी-6 दिनांक: 20.02.2024 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)

## मेडिकल कॉलेज की भूमि खुर्द-बुर्द करने का आरोप

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड विकास समिति ने भाबर क्षेत्र में स्वीकृत मेडिकल कालेज की भूमि को खुर्द बुर्द करने पर रोष व्यक्त किया है। समिति ने इस मामले में प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप कर मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग की है। समिति अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला ने बताया कि वे समिति के पदाधिकारियों के साथ कुछ दिन पूर्व भाबर क्षेत्र के लछमपुर में मेडिकल कालेज निर्माण के लिए चयनित भूमि का मुआयना करने गये थे। वहां जाकर उन्होंने देखा कि कुछ लोगों ने सरकारी जमीन को खुर्द बुर्द कर वहां पर गहरे गड्ढे कर दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप कर सीबीआइ जांच कराने की मांग की है। इस अवसर पर जीके बड़थ्वाल, शशिमोहन उनियाल और दुर्गा प्रसाद दुबे आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया कार्य बहिष्कार शुरू

रुद्रप्रयाग। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार से कार्य बहिष्कार शुरु किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के साथ ही मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संगठन के आह्वान पर बाल विकास परियोजना अधिकारी जखोली को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका तथा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विगत कई वर्षों से सरकार से काम के अनुसार मानदेय बढ़ाने की मांग करती आ रही हैं, लेकिन सरकार द्वारा उनकी जायज मांग को लगातार अनसुना किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका संगठन की ब्लाक अध्यक्ष राजेश्वरी राणा, उपाध्यक्ष अंजू भट्ट, कोषाध्यक्ष शशि नेगी, सरला उनियाल, सुशीला पुण्डीर आदि ने कहा है कि सगंठन काम के अनुसार मानदेय बढ़ाने, अन्य केन्द्रों पर काम करने के बदले में दाम देने, रिचार्ज हेतु धनराशि देने, राशन का ढुलान का दाम देने व अन्य विभागीय कार्य जैसे बीएलओ,पल्स पोलियों अभियान सहित अन्य सामाजिक कार्यों का काम के अनुसार मानदेय देने की मांग सरकार से की है।

## जनमुद्दों को लेकर संघर्ष करेगा उक्रांद

### कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने लिया दल को मजबूत करने का संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदेश के बेहतर विकास व जन मुद्दों को लेकर संघर्ष करने का संकल्प लिया है। कहा कि भू-कानून की लड़ाई को जनता का समर्थन मिल रहा है। इस दौरान दल को मजबूत करने के लिए भी चर्चा की गई।

शिब्बूनगर स्थित उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में पार्टी की भावी रणनीति पर चर्चा की गई।



उक्रांद की बैठक में भाग लेते सदस्य

पार्टी नेता डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि यूकेडी संसदीय चुनाव में भू-कानून, मूल निवास 1950, जल, जंगल, जमीन पर जनता के अधिकार, पलायन रोकने के लिए पहाड़ के लोगों के हित में योजनाओं का निर्माण, कण्वाश्रम का विकास, मोटर नगर बस अड्डे का निर्माण और चिलरखाल-लालढांग मोटर मार्ग निर्माण जैसे मुद्दों को अपने घोषणा पत्र में सम्मिलित करेगी। केंद्रीय उपाध्यक्ष जगदीपक सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल की भू कानून मूल निवास रैली की सफलता के बाद दल इसे नगर निगम के वार्ड और पंचायत के बीच ले जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाना है। जनपद प्रभारी महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भू कानून मूल निवास महारैली पूर्ण रूप से सफल रही है और इसके लिए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाकर ही हम संसदीय चुनाव में आगे बढ़ सकते हैं। केंद्रीय महामंत्री सत्य प्रकाश भारद्वाज ने कहा की संसदीय चुनाव के लिए अभी से हमें मतदाताओं के बीच जाकर अपने एजेंडे को रखना चाहिए। केंद्रीय संगठन मंत्री हरीश द्विवेदी ने चुनाव के लिए वार्ड प्रभारी और पंचायत प्रभारी की नियुक्तियां करने का प्रस्ताव रखा। विचार व्यक्त करने वालों में सत्यपाल सिंह नेगी, राजेंद्र प्रसाद पंत, सतपाल सिंह नेगी, हयात सिंह गुसाईं, गुलाब सिंह रावत, मनोज नेगी, सर्वेश बड़थ्वाल, दीपा नेगी, एमएस बिष्ट, विमल सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत काण्डा, विकासखण्ड कल्जीखाल गढ़वाल

### अल्पकालीन निविदा

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/02/2024 से 24/02/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे पूर्वाहन से 14:00 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते हैं, तथा दिनांक 26/02/2024 को अपराहन 14:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है, निविदा प्रपत्रों का दिनांक 27/02/2024 को अपराहन 1:30 बजे उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम प्रधान काण्डा के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म व ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पंचायत भवन निर्माण (अनु0 लागत 10 लाख) | रू0 28500.00 | 500 | 7 दिन | 180 दिन | डी एवं उच्चतर आर0 डब्ल्यू0डी0 जिला पंचायत पौड़ी में किसी भी विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |

1- निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर राशि एन0एस0सी0/बैंक एफ0डी0आर0/पोस्ट ऑफिस पास बुक के रूप में जो कि ग्राम प्रधान काण्डा के पदनाम बन्धक ही मान्य होगी।
2- निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 (एक सौ रू0) का स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीद टिकट हो, वैद्यता की शर्तो के लाना अनिवार्य है इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3- निविदा की शर्ते जी0पी0डब्ल्यू-08 जी0पी0डब्ल्यू-9 के अनुसार होगी, एवं निविदा की अन्य शर्तें/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है।
4- किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।
नोट - निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

**ग्राम प्रधान काण्डा**
**विकासखण्ड कल्जीखाल**
**जिला-पौड़ी गढ़वाल।**

## नौतिक आदर्श व चरित्र निर्माण में रोवर्स-रेंजर्स की भूमिका अहम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में रोवर्स/रेंजर्स बिगनर्स कोर्स का त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। इस दौरान विद्यार्थियों को रोवर्स/रेंजर्स के महत्व के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य मुरलीधर कुशवाहा, आरएस चौहान, आशा देवी, पीएन यादव, शांति रतूड़ी जिला आयुक्त भारत स्काउट गाइड पौड़ी एवं डा. जूनिष कुमार, डा. सुषमा भट्ट थलेडी, डा. हीरा, डॉ. अरुणिमा, डॉ. सरिता चौहान, डॉ. श्वेता कुकरेती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. अजीत सिंह विभाग प्रभारी राजनीति ने अपने वक्तव्य में रोवर्स/रेंजर्स को संबोधित करते हुए अनुशासित रहने के लिए, सहानुभूति से कार्य करने की सीख दी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोवर्स, रेंजर्स को अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाएगा, साथ ही चरित्र निर्माण, रोवर्स रेंजर्स की प्रार्थना, झंडा गीत, नियमों व मूल सिद्धांतों से भी अवगत करवाया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि आपदा के समय रोवर्स रेंजर्स ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। एनसीसी प्रभारी डा. डीएस चौहान ने कहा कि छात्रों को प्रशिक्षण में जो भी सिखाया जाता है, उसे अपने जीवन में उतारना जरूरी है। जिला आयुक्त शांति रतूड़ी ने कहा कि रोवर्स, रेंजर्स का मूल उद्देश्य सेवा भाव है। कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण छात्रों के चरित्र निर्माण व अनुशासन बनाए रखने के लिए सहायक होते है। उन्होंने स्काउट गाइड के जनक बेडेन पावेल के विषय में अवगत कराया। रोवर्स, रेंजर्स को प्रार्थना, झंडागीत के अलावा नियमों व मूल सिद्धांत के बारे में जानकारी दी। साथ ही प्रार्थना सस्वर वाचन, सैल्यूट, बांया हाथ मिलाना, झंडा के प्रकार की जानकारी भी दी। इस मौके पर डॉ. जूनिष कुमार, डॉ. पीएन यादव, डॉ. आशा देवी, डॉ. आरएस चौहान, डॉ. वीसी शाह, प्रवीन जोशी, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. सुशील बहुगुणा, डॉ. चंद्र प्रभा कंडवाल, डॉ. संजीव, डॉ. नवरत्न, नेहा कुकरेती, डॉ. हितेंद्र सदस्य रोवर्स/ रेंजर्स डॉ. अरुणिमा, डॉ. श्वेता, डॉ. हीरा सिंह आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते शिक्षक

## समिति ने उठाई अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग उठाई है। कहा कि लगातार मांग उठाने के बाद भी अस्पताल में रिक्त चल रहे चिकित्सकों के पदों को अब तक नहीं भरा गया है।

समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में स्थित बेस अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों लोग उपचार के लिए पहुंचते हैं। लेकिन, यहां स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर नहीं होने के कारण लोगों को उपचार के लिए अन्य शहरों की दौड़ लगानी पड़ती है। चिकित्सालय में गुर्दा रोग विशेषज्ञ, निश्चेतक, चर्मरोग विशेषज्ञ, एवं जर्नल सर्वन की कमी है।

क्षेत्रवासी भी लगातार चिकित्सकों के खाली पदों को भरने की मांग उठा रही है। समिति ने शासन से जल्द रिक्त पदों पर भर्ती करवाने की मांग की है।

## गर्मी से पहले ही रूलाने लगी पेयजल किल्लत



पानी के इंतजार में सूखा नल

### गाड़ीघाट, गिवईस्त्रोत व कालाबड़ में बनी पेयजल समस्या

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही पेयजल किल्लत सताने लगी है। गाड़ीघाट, गिवईस्त्रोत व कालाबड़ के लोग पिछले एक सप्ताह से पेयजल को तरस रहे हैं। पानी के लिए लोग खाली बर्तन पकड़कर इधर-उधर की दौड़ लगाने को मजबूर हो गए हैं। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार सिस्टम लापरवाह बना हुआ है।

गाड़ीघाट, गिवईस्त्रोत व कालाबड़ के करीब दो हजार परिवारों को गाड़ीघाट में स्थित नलकूप से पेयजल उपलब्ध करवाया जाता है। लेकिन, पिछले एक सप्ताह से यह नलकूप खराब पड़ा हुआ है। नतीजा वार्डवासी सुबह से ही पानी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। वार्डवासियों ने बताया कि नलकूप में लगी मोटर काफी पुरानी हो चुकी है। जिससे आए दिन यह खराब हो जाती है। क्षेत्रवासी जनप्रतिनिधि व जल संस्थान के अधिकारियों से मोटर को बदलने की मांग कर रहे हैं। लेकिन, हर बार खराब मोटर की ही मरम्मत करवाई जाती है। ऐसे में गर्मी के मौसम में समस्या और अधिक विकट हो सकती है। पेयजल किल्लत के कारण वार्डवासियों की दिनचर्या प्रभावित होने लगी है। जल संस्थान की ओर से भेजे जा रहे पेयजल टैंक से भी वार्डवासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है

## कार्यालय ग्राम पंचायत दिउसा, विकासखण्ड कल्जीखाल गढ़वाल

### अल्पकालीन निविदा

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/02/2024 से 24/02/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे पूर्वाहन से 14:00 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते हैं, तथा दिनांक 26/02/2024 को अपराहन 14:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है, निविदा प्रपत्रों का दिनांक 27/02/2024 को अपराहन 1:30 बजे उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम प्रधान दिउसा के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म व ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पंचायत भवन निर्माण (अनु0 लागत 10 लाख) | रू0 28500.00 | 500 | 7 दिन | 180 दिन | डी एवं उच्चतर आर0 डब्ल्यू0डी0 जिला पंचायत पौड़ी में किसी भी विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |

1- निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर राशि एन0एस0सी0/बैंक एफ0डी0आर0/पोस्ट ऑफिस पास बुक के रूप में जो कि ग्राम प्रधान दिउसा के पदनाम बन्धक ही मान्य होगी।
2- निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 (एक सौ रू0) का स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीद टिकट हो, वैद्यता की शर्तो के लाना अनिवार्य है इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3- निविदा की शर्ते जी0पी0डब्ल्यू-08 जी0पी0डब्ल्यू-9 के अनुसार होगी, एवं निविदा की अन्य शर्तें/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है।
4- किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।
नोट - निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

**ग्राम प्रधान दिउसा**
**विकासखण्ड कल्जीखाल**
**जिला-पौड़ी गढ़वाल।**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा

### उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः- 583/18ए0सी0 दिनांकः- 08/02/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 27/02/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21/02/2024 से 26/02/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 27/02/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं:
1- अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के विकासखण्ड दुगड्डा में ग्राम खोलकण्डी में सड़क का सी0सी0 (कन्क्रीट ब्लॉक) द्वारा सुधारीकरण कार्य के अन्तर्गत कि0मी0 1 से 2 में पटरी भरान एवं कुली वॉलिंग का कार्य। | 30,000.00 | 1,000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 02 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदायें दिनांक 28/02/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**(इं0 डी0पी0 सिंह)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**दुगड्डा (गढ़वाल)**

# निर्वाचन अधिकारी विद्यालयों में चुनाव की पाठशाला का आयोजन कर नए मतदाताओं को कर रहे जागरूक







चमोली। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जनपद स्तर पर प्रशासन ने जोर लगा दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना के निर्देशों के क्रम में जनपद में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को जनपद के गोपेश्वर, पोखरी और पज्यांणा में कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वीप टीम ने गोपेश्वर में राजकीय कन्या हाईस्कूल नैग्वाड़ और केंद्रीय विद्यालय में चुनाव की पाठशाला आयोजित की। इस दौरान नए मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए शत–प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। गैरसैंण के ग्राम पंचायत पंज्यांणा में जागरुकता अभियान के तहत महिला चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री अंजना रावत ने महिलाओं को जहां मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने और त्रुटि सुधार प्रक्रिया की जानकारी दी। वहीं उन्होंने महिलाओं को मतदान के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी। जोशीमठ नगर में राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस स्वयं सेवियों की ओर से नगर के सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर नगरवासियों को मतदान के लिये जागरुक किया। स्वीप टीम की ओर से राजकीय महाविद्यालय पोखरी में महिला कार्मिकों ने चुनाव पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया।

## हेल्थ डे में हुई 63 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच



रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा विकास खंड अगस्त्यमुनि के चोपड़ा धारकोट में एडोलोसेंट हेल्थ डे का आयोजन किया गया।

जिसमें किशोर स्वास्थ्य दिवस के मौके पर 63 बच्चों की बीएमआई व नेत्र जांच की गई। साथ ही मादक पदार्थों के सेवन/नशावृत्ति के दुष्प्रभाव व मोबाइल के अत्याधिक उपयोग के दुष्परिणाम विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में संध्या अव्वल रही। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विमल सिंह गुसांई ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 10–19 आयु वर्ग के किशोर–किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसको लेकर ब्लाक में वर्षभर में 7 किशोर स्वास्थ्य दिवसों के आयोजन का लक्ष्य रखा गया था।

इसी क्रम में 6वां किशोर स्वास्थ्य दिवस अगस्त्यमुनि ब्लाक के राउप्रावि चोपड़ा धारकोट में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में उप्रावि के 31 बच्चों की बीएमआई जांच की गई, जिसमें से 5 बच्चों की बीएमआई सामान्य से कम पाया गया। जिन्हें भोजन में जरूरी जरूरी पोषण को शामिल करने की सलाह दी। इस मौके पर उप्रावि व प्रावि चोपड़ा के 63 बच्चों के नेत्रों की जांच की, जिसमें से 3 बच्चे दृष्टि दोष से पीड़ित पाए गए जबकि एक बच्चे को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मादक पदार्थों के सेवन/नशावृत्ति के दुष्प्रभाव व मोबाइल के अत्याधिक उपयोग के दुष्परिणाम विषय पर आयोजित गोष्ठी व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा आठ की छात्रा संध्या व शालिनी ने क्रमशः प्रथम, व द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा सात के छात्र आदित्य कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

### आर्थिक शक्ति बनने में महिलाओं की भागीदारी जरूरी–दीप्ति

नई टिहरी। जिला भाजपा कार्यालय में एनजीओ व स्वयं सहायता समूहों के साथ जुड़ी महिलाओं के साथ शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत चाय पर चर्चा एवं संवाद किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला मोर्चा की महामंत्री दीप्ति रावत ने कहा कि देश के यदि विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाना है, तो महिलाओं की भागीदारी देश में विकास में बेहद जरूरी। शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते दीप्ति रावत ने आगे कहा कि पीएम मोदी महिलाओं की शक्ति को समझते हैं। इसलिए उनका प्रयास है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के ऐसे कार्यक्रम चलाये जायें। जिससे महिलाए मजबूत हो और भारत की आर्थिक शक्ति बनने में उनकी सहभागिता में आर्थिक गतिविधियों में हो। महिला सशक्तिकरण पुरजोर समर्थक मोदी को आने वाले चुनाव में अपना समर्थन व सहयोग देने की अपील रावत ने की। महिलाओं के उज्जवला योजना, स्वयं सहायता समूहों का गठन, न्यूदतम दरों पर ऋण की सुविधा सहित तमाम योजनायें महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही हैं।



## तेजस बने वाणिज्य विभाग ने विभागीय परिषद के अध्यक्ष

नई टिहरी। धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने विभागीय परिषद के गठन के साथ पोस्टर, प्रश्नोत्तरी, स्पीच एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। विभागीय परिषद के अध्यक्ष पद पर एमकॉम चतुर्थ सेमेस्टर के तेजस तड़ियाल मनोनीत हुए। वाणिज्य विभाग की परिषद में उपाध्यक्ष पद पर एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर के माधव गुप्ता, सचिव पद पर बीकॉम तृतीय वर्ष के प्रवीन नेगी, सहसचिव पद पर बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर के सक्षम जैन और कोषाध्यक्ष पद पर बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर की सुनीता थापा मनोनीत हुए। साथ ही सुरुचि भट्ट, विष्णु पांडे, शिवांग श्रीवास्तव, आदित्य बंसल एवं आशीष पाठक कार्यकारिणी सदस्य कक्षा प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत हुए।

## लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपा की कार्यशाला आयोजित

अल्मोड़ा। भाजपा की लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत एक कार्यशाला नन्दा देवी मंदिर के गीता भवन सभागार में आयोजित हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप जिला आईटी सेल प्रभारी गोविंद मटेला उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य वक्ता गोविंद मटेला द्वारा लाभार्थी सम्पर्क अभियान में सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जानकारी दी, कि कैसे कार्यकर्ताओं को केन्द्र सरकार द्वारा एक से ज्यादा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के पास जाकर उनके आंकड़े जुटाए जाने हैं, सभी लाभार्थी तक हर बूथ पर हर एक एक घर तक सम्पर्क करना है, जितने भी लाभार्थियों ने सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है उनका एक मिनट का वीडियो बनाकर सरल ऐप में अपलोड करना है और सरकार द्वारा जारी किए नम्बर पर एक मिस्ड कॉल करके उसे रजिस्टर भी करवाना है। सह संयोजक कृष्णा बहादुर सिंह ने भी मोदी सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों कि जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ से लाभार्थी सम्पर्क अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। करशाला में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव गुरुरानी, जिला मंत्री महेश बिष्ट, देवाशीष नेगी, लाभार्थी संपर्क अभियान के नगर संयोजक दिनेश मठपाल, सहसंयोजक आशीष गुरुरानी, नगर महामंत्री अर्जुन बिष्ट, मनोज जोशी नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र बिष्ट, सौरव वर्मा, चंदन रावत, नगर मंत्री रमेश मेर, अशोक गोस्वामी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष किरन पंत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लीला बोरा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष भावना तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कार्यकर्ताओं का धन्यवाद एवं राष्ट्र गान के साथ नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अर्जुन बिष्ट, मनोज जोशी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### परीक्षा देने जा रहे छात्र पर गुलदार ने किया हमला

रुद्रप्रयाग। महर गांव का 14 वर्षीय कार्तिक मंगलवार को परीक्षा देने स्कूल जा रहा था। उसी वक्त गुलदार ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमले में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों और आसपास के लोगों ने शोर–शराबा करके गुलदार को भगाया। इसके बाद स्कूली छात्र की जान बच पाई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार महर गांव निवासी 14 वर्षीय कार्तिक सिंह पुत्र किशन सिंह बुटोला पर रास्ते में अचानक घात लगाए गुलदार ने हमला कर दिया। गुलदार के हमला करने के बाद कार्तिक चिल्लाने लगा।

## योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने पर चर्चा



नई टिहरी। भाजपा चंबा ग्रामीण मंडल ने ब्लाक सभागार चंबा में लाभार्थी मिलन बैठक का आयोजन किया। इस मौके पर बतौर अतिथि मौजूद रहे भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र जुयाल और मंडल प्रभारी रामलाल नौटियाल ने लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं के लेकर जागरूक होने की जरूरत है।भाजपा नेताओं ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए विभिन्न लाभकारी योजनायें बनाई हैं। आम आदमी को चाहिए की वह इन योजनाओं का लाभ लेकर जीवन स्तर को सुधारने का काम करें। भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने अपील कर कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार कर अंतिम स्तर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया जाय। बताया कि लाभार्थी सम्मेलन प्रत्येक मंडल में भी चलाया जा रहा है। ताकि लाभार्थियों को हर स्तर लाभान्वित किया जा सके।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार बहुगुणा, विक्रम राणा, सुधीर बहुगुणा, नरेंद्र पंवार, कमाल सिंह पुंडीर, दिनेश थपलियाल, चिरंजी थपलियाल, सुमिता थपलियाल, मकान सिंह आदि मौजूद रहे।

## मोटरमार्ग निर्माण न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी



नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के चानी तिसरियाड़ा–विनयखाल मोटर मार्ग को जोड़ने को लेकर स्थानीय ग्रामीण लोनिवि ईई से मिले।

ग्रामीणों ने ईई को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र मोटरमार्ग निर्माण की मांग की है। मंच ने शीघ्र मांगों पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मंगलवार को इंद्रमणि बडोनी कला एवं साहित्य मंच से जुड़े लोगों ने लोनिवि घनसाली के ईई डीसी नौटियाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मंच के अध्यक्ष लोकेंद्र दत्त जोशी कहा कि विभाग की ओर से वर्षों पूर्व घनसाली–बूढ़ाकेदार मोटर मार्ग से चानी गांव के लिए आधी अधूरी सड़क ही बनाई गई है। जबकि मोटरमार्ग को चानी तिसरियाड़ा होते हुए विनयखाल तक जुड़ना था। लेकिन दो दशक से अधिक समय गुजरने के बाद भी मोटरमार्ग का निर्माण नहीं हो पाया है।

### पचास हजार घरों से दो दिन बाद उठा कूड़ा

देहरादून। नगर निगम के 47 वार्डों में दो दिन बाद डोर टू डोर कूड़ा उठ पाया। 47 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठान का कार्य कर रही वाटरग्रेस सनलाइट इकॉन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के तीन सुपरवाइजरों को नौकरी से निकालने के बाद सफाई वाहन चालकों ने हड़ताल शुरू कर दी थी। मंगलवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के उत्तराखंड प्रभारी विशाल बिरला ने कंपनी प्रबंधक से कैनाल रोड स्थित कार्यालय में वार्ता की। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजरों और कर्मचारियों का बेवजह उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। उन्हें समय पर वेतन मिले और अन्य सुविधाएं दी जाएं। जिसके बाद कंपनी ने सुपरवाइजरों को निरस्त करने के लिए जारी नोटिस निरस्त कर दिए।

## राजभवन में मनाया गया अरुणाचल प्रदेश एवं मिजोरम राज्य का स्थापना दिवस

देहरादून। मंगलवार को राजभवन में अरुणाचल प्रदेश एवं मिजोरम राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दोनों राज्यों के उत्तराखण्ड में रह रहे छात्र–छात्राओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उपस्थित सभी लोगों को पूरे प्रदेश की ओर से स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के छात्र–छात्राओं ने सुंदर गीत की प्रस्तुति दी।

राज्यपाल ने कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की इस अनूठी पहल हमारे विविध राज्यों की परस्पर परंपराओं, प्रथाओं, संस्कृति और ज्ञान की समझ को बढ़ाते हुए देश की एकता और अखंडता को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक मैंने इन राज्यों में अपनी सैन्य सेवाएं दी है। इसलिए मैं इन दोनों प्रदेशों की समृद्ध संस्कृति एवं अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य से भलीभाँति परिचित हूँ।

उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर 'राष्ट्रप्रथम' के मूलमंत्र से ही देश को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, सशक्त भारत के लिए प्रत्येक व्यक्ति और राज्य का योगदान जरूरी है। उन्होंने कहा कि आप जो इस अमृतकाल की अमृत पीढ़ी हैं, आपके कठोर परिश्रम, साधना और समार्थ्य से देश विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के माध्यम से राज्यों के लोगों से परस्पर परिचय, प्रवासी लोगों के बीच संवाद, एकता की भावना, राज्यों की विविध परंपराएं, कला, संस्कृति, वेशभूषा और खानपान की शैली का भी आदान–प्रदान होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य की एक विशिष्ट पहचान है, राज्यों की विविधता भारत की ताकत हैं। तमाम विविधताओं के बावजूद भी हम सब एक हैं, यही भारत की विशेषता है।

इस कार्यक्रम में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी वर्करों ने मांगों को लेकर किया सचिवालय कूच

देहरादून। सीटू से सम्बद्ध आंगनवाड़ी कार्यकत्री, सेविका कर्मचारी यूनियन ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर सचिवालय कूच किया। दोपहर बारह बजे सभी गांधी पार्क से सचिवालय के लिए रवाना हुए। पुलिस के आगे जाने से रोकने पर महिला वर्करों ने नारेबाजी की। यूनियन की प्रांतीय महामंत्री चित्रकला ने बताया कि यदि मांगें नहीं मानी तो आगे कार्यबहिष्कार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रही हैं। सरकार पर सीडीएस के बजट में कटौती करने, मानदेय में बढ़ोतरी नहीं करने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने मांगें नहीं मानी तो संघर्ष जारी रहेगा। सीटू के प्रांतीय सचिव लेखराज ने कहा कि श्रमिक अपनी मांगों को 2024 के लोकसभा चुनाव में मुद्दा बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को श्रमिकों की मांगें माननी पड़ेगी। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी वर्करों के लिए सेवानिवृत होने पर ग्रेच्युटी का भुगतान, भविष्यनिधि, ईएसआई, पेंशन का प्रावधान होना चाहिए। सुनीता रावत ने कहा कि विभाग के अंदर भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगनी चाहिए। मसूरी से वर्करों को बैठकों व टीएचआर के लिए देहरादून आना पड़ता है, यह व्यवस्था मसूरी में करने की मांग की। रेखा नेगी ने कहा कि अन्य मांगों के साथ मोबाइल रिचार्ज भी सरकार को करना चाहिए ताकि सरकारी कार्य हो सकें। इस दौरान रजनी गुलेरिया, राजेन्द्र पुरोहित, रविन्द्र नौढियाल, मामचंद, लक्ष्मी पंत, मनीषा राणा, सीमा सिंह, पूनम, नीलम, जयश्री आदि मौजूद थे।

### जैविक प्रमाणीकरण निरीक्षकों को मिलेगी ट्रेनिंग

देहरादून। उत्तराखंड स्टेट सीड् एण्ड आर्गेनिक प्रोडक्शन सर्टीफिकेशन एजेन्सी जैविक प्रमाणीकरण निरीक्षकों को ट्रेनिंग को भेजेगी। ट्रेनिंग भी इस सेक्टर में बेहतर काम करने वाली वाह्य संस्थाओं से कराई जाएगी। एजेंसी की प्रबन्ध कार्यकारिणी परिषद् की 54 वीं बैठक रिंग रोड स्थित किसान भवन में अध्यक्ष बलराज पासी की अध्यक्षता में हुई। तय हुआ कि एजेन्सी के बीज परीक्षण प्रयोगशाला रूद्रपुर भवन के पीछे की खाली भूमि पर प्रयोगशाला का विस्तारीकरण किया जाएगा। जैविक प्रमाणीकरण के क्षेत्र में मत्स्य पालन व मशरूम उत्पादन का प्रमाणीकरण करने को एपीडा से एक्रीडिटेशन प्राप्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। तय हुआ कि जैविक प्रमाणीकरण निरीक्षकों को बाहरी संस्थाओं से मत्स्य पालन, मौन पालन, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण आदि क्षेत्र में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। बीज उत्पादन से जुड़े किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए एजेन्सी की बीज परीक्षण प्रयोगशाला रूद्रपुर स्थित भवन में कार्यों के तत्काल सम्पादन को मण्डलीय कार्यालय खोला जाएगा।

## राजभवन देहरादून में वसंतोत्सव/पुष्प प्रदर्शनी का 1 मार्च से होगा आगाज




देहरादून। मंगलवार को राजभवन में वसंतोत्सव–2024 का 'कर्टेन रेजर' आयोजित किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस वर्ष 01 मार्च से राजभवन में शुरू हो रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव–2024 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विशेष पोस्टल कवर के लिए ''थुनेर'' का चयन किया गया है। 1 मार्च को दोपहर 1.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक तथा 02 व 03 मार्च को प्रातः 09.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक वसंतोत्सव/पुष्प प्रदर्शनी जनसामान्य के लिए निःशुल्क खुली रहेगी। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन देहरादून में 2003 से प्रारम्भ हुआ वसंतोत्सव, उत्तराखंड की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के पुष्पों की एक अलग पहचान है, यहाँ फूलों के उत्पादन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं, जो उत्तराखंड के लिए एक वरदान साबित हो सकती हैं। राज्यपाल ने कहा कि पुष्प प्रदर्शनी के रूप में शुरू हुआ यह आयोजन दिन–प्रतिदिन लोकप्रिय होकर अब एक बड़े सांस्कृतिक व आर्थिक उत्सव में बदल चुका है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां एवं उपलब्ध जलवायु पुष्पोत्पादन के लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि हमें पुष्पों को व्यवसायिक गतिविधियों के साथ जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे साथ ही निकटवर्ती क्षेत्रों के अलावा हमें देश एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यहां के पुष्पों को पहुँचाने की जरूरत है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com